//

<u>प्रथम अनुस्मारक</u>
<u>महत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>

प्रेषक,

**निदेशक,**
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी,**
*(जनपद—झांसी/जालौन/ललितपुर/बांदा/चित्रकूट/हमीरपुर/महोबा को छोड़कर)*
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 167 /सा0-एक/एक्स-84(120)/बहु0स0प0चि0से0/2017-18, दिनांक 31 .05.2017

**<u>विषयः-</u>** **<u>पशुपालन विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 के प्रथम 100-दिनों में बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना) के कियान्वयन अन्तर्गत जून,2017 तक पशुचिकित्सा शिविरों के आयोजन के संबंध में।</u>**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या-31/सा0-एक/एक्स-84(120)/बहु0स0प0चि0से0/2016-17, दिनांक 19.04.2017 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा सेवायें योजना अन्तर्गत जनपदों के विकास खण्ड स्तरीय पशुचिकित्सालयों पर व्यवस्थित किये जाने वाले सचल पशुचिकित्सा वाहनों के परिचालन हेतु आऊट सोर्सिंग के माध्यम् से सेवा प्रदाता फर्मो से निविदा आमंत्रितकर वाहन चालकों की व्यवस्था किये जाने हेतु आवश्यक निर्गत दिशा-निर्देशों के साथ-साथ योजनान्तर्गत निष्पादित कार्यक्रमों की पाक्षिक समीक्षा करते हुये प्रगति मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड-2 को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। उक्त के अनुक्रम में वांछित प्रगति अबतक लम्बित है।

सन्दर्भ में अवगत कराना है कि शासन स्तर पर विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 के प्रथम 100-दिनों में बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना) के कियान्वयन अन्तर्गत ***जून,2017 तक प्रत्येक बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा इकाई द्वारा न्यूनतम 10-पशुचिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाना लक्षित है।***

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना) अन्तर्गत जनपद को आबंटित प्रत्येक वाहन के माध्यम् से **दिनांक 25 जून, 2017 तक न्यूनतम् 10-10 पशु चिकित्सा शिविरों** का

आयोजनकर अपने मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड-2 के माध्यम् से प्रगति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें। अन्यथा की स्थिति में किसी विषम परिस्थिति के लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

भवदीय,

( डा0 चरण सिंह यादव)
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

पत्रांक /सा0-एक/एक्स-84(120)/बहु0स0प0चि0से0/2017-18, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि अपने मण्डलीय जनपदों में बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना) अन्तर्गत जनपद को आबंटित प्रत्येक वाहन के माध्यम् से ***दिनांक 25 जून, 2017 तक न्यूनतम् 10-10 पशु चिकित्सा शिविरों*** का आयोजन कराते हुये जनपदवार संकलित प्रगति **दिनांक 29 जून,2017 तक** प्रत्येक दशा में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें।
2. प्रमुख सचिव, पशुधन, उ0प्र0 शासन, सचिवालय, लखनऊ।

( डा0 चरण सिंह यादव)
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

MULTY PUR MOB SER